C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 222 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 04 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में निकाय-पंचायत चुनाव एमपी की ईवीएम से होंगे

### 30 हजार कंट्रोल यूनिट व 60 हजार बैलेट यूनिट किराए पर लेने को करार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में होने वाले आगामी नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव अब मध्य प्रदेश से मंगाई जाने वाली ईवीएम मशीनों के माध्यम से कराए जाएंगे। इसके लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के बीच मंगलवार को अहम समझौता (एमओयू) हुआ है, जिसके तहत मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में ईवीएम किराए पर ली जाएंगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि एमओयू के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान को चुनावों के लिए कुल 30 हजार कंट्रोल यूनिट और 60 हजार बैलेट यूनिट



उपलब्ध कराई जाएंगी। इन ईवीएम का उपयोग प्रदेशभर में नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईवीएम की आपूर्ति, उपयोग, सुरक्षा, रख-रखाव और चुनाव के बाद वापसी से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जाएंगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनी रहे।

ईवीएम के तकनीकी परीक्षण (एफएलसी), मरम्मत और तकनीकी सहयोग की जिम्मेदारी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं ईसीआईएल, हैदराबाद के अधिकृत इंजीनियरों को सौंपी गई है। आयोग के अनुसार, तकनीकी स्तर पर किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए विशेष निगरानी व्यवस्था भी रखी जाएगी।

इस फैसले से प्रदेश में स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारियों को नई गति मिलने के साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मदद मिलेगी।

## सांसद अग्रवाल ने की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की व अध्यक्ष बनने पर बधाई देकर संगठनात्मक चर्चा की।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके निवास पर जाकर मुलाकात की , उन्हें अध्यक्ष बनने पर बधाई दी व शाल ओढ़ाकर मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत




किया व मेवाड़ के गौरव राणा प्रताप की मूर्ति भेंटकर संगठनात्मक चर्चा की । इस दौरान उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत भी साथ रहे ।

## पैंथर की दहशत, सीसीटीवी में कैद मूवमेंट, शव भी मिला

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

क्षेत्र में पैंथर की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते दो दिनों में पैंथर से जुड़ी दो घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर देर रात गांव की गलियों में पैंथर की मौजूदगी सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई, वहीं दूसरी ओर मंगलवार सुबह एक गांव में पैंथर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार रात भेरूखेड़ा क्षेत्र के वार्ड नंबर-1 में पैंथर गांव की गलियों में घूमता नजर आया, जिसकी फुटेज घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। इससे पहले भी इसी इलाके में पैंथर द्वारा बकरी का शिकार किए जाने की घटना सामने आ चुकी है। लगातार घटनाओं के बाद ग्रामीण रात में बाहर निकलने से कतरा रहे



हैं और बच्चों व पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।


ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने का आश्वासन दिया है। इधर मंगलवार सुबह कटार गांव में श्मशान भूमि के पीछे एक मृत पैंथर मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पैंथर की मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

## NH-27 पर अधूरे ओवरब्रिज, हर दिन खतरे में गुजर रहा सफर

### चार माह से बंद निर्माण, जर्जर सर्विस लेन से रोजाना दुर्घटना का डर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर / कपिल श्याम विजय**





उपखण्ड क्षेत्र के सलावटिया और नगर के केसरगंज क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-27 कोटा-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर निर्माणाधीन दोनों ओवरब्रिज अब सुविधा नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। करीब दो वर्ष पूर्व शुरू हुआ ओवरब्रिज निर्माण कार्य बीते चार महीनों से पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे हाईवे पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

अधूरे निर्माण के चलते दोनों ओर बनाई गई सर्विस लेन जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी सड़क और कीचड़ के कारण वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। बारिश के बाद हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे फिसलन और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशान हैं।

निर्माण कार्य रुका होने से हाईवे पर रॉन्ग साइड वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। घुमावदार कट और सीमित दृश्यता के चलते यहां हर समय हादसे का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार गंभीर दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

क्षेत्रवासियों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया पर लापरवाही का आरोप लगाया है। न तो निर्माण एजेंसी पर काम तेज करने का दबाव बनाया जा रहा है और न ही अस्थायी तौर पर सर्विस लेन को सुधारने की व्यवस्था की जा रही है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने प्रशासन व एनएचएआई से मांग की है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाए और सर्विस लेन की मरम्मत कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रोज-रोज के हादसों पर लगाम लग सके।

## एक साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना मंगरोप ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार मंगरोप में एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी दुर्गेश उर्फ दुर्गाशंकर पुत्र रामलाल (28), निवासी हमेरगंज चित्तौड़गढ़ को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अनुसंधान के बाद 3 फरवरी को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने बताया की 28 मार्च 2025 को तत्कालीन थानाधिकारी शिवा शर्मा द्वारा अवैध अफीम परिवहन के मामले में आरोपी गोपाल धाकड़ को गिरफ्तार किया गया था, उसी प्रकरण में दुर्गेश फरार चल रहा था, जिस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जिसे हिरासत में ले किया गया है ।

## शाहपुरा तहसील में प्रशासनिक सुस्ती पर सख्ती, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा का औचक निरीक्षण

### लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी, कहा ‘फाइलें चलेंगी, बहाने नहीं ‘

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।**

अजमेर की अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को शाहपुरा तहसील एवं उप-पंजीयन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक सुस्ती पर सीधा प्रहार किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में जाकर कार्यप्रणाली की समीक्षा की, टेबल पर पड़ी फाइलें देखीं और आमजन को समय पर राहत देने के लिए कार्यों की गति बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए।



तहसील कार्यालय में उन्होंने उपखंड अधिकारी सुनील मीणा एवं तहसीलदार भींवराज परिहार के साथ राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। तहसीलदार परिहार ने लंबित प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक सहित राजस्व विभाग के कार्मिकों को पेंडिंग प्रकरणों में अनावश्यक देरी को लेकर कड़ी चेतावनी दी गई। उन्होंने विधिसम्मत तरीके से प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, नियमित सुपरविजन एवं जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। ‘फाइलें चलेंगी, बहाने नहीं’ कहते हुए उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर कर्मचारियों से वन-टू-वन संवाद किया और लंबित मामलों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब हर स्तर पर निगरानी मजबूत हो और निस्तारण की गति तेज रहे। निरीक्षण के बाद तहसील परिसर में हलचल दिखाई दी और कर्मचारियों में कार्यों को तेजी से निपटाने की कवायद शुरू हो गई।

## यूआईटी का एक्शनः ठेले-थड़ी व अवैध निर्माण ध्वस्त





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के व्यावसायिक व रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद यूआईटी ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की। मंगलवार को यूआईटी की टीम ने नेहरू रोड सहित रामस्नेही अस्पताल और नाले के आसपास लंबे समय से जमे अवैध अतिक्रमण हटाए।

कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन टीम ने कच्चे-पक्के निर्माण ध्वस्त करते हुए ठेले, थड़ी और बंद केबिन हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। यूआईटी अधिकारियों ने बताया कि श्री गेस्ट हाउस चौराहा, नेहरू रोड, सांगानेरी गेट व रामस्नेही अस्पताल क्षेत्र में अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह कार्रवाई की गई।

# तिलस्वां महाशिवरात्रि मेले में सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर 10 फरवरी को बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

**मानव तिवाड़ी।** तिलस्वां में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर उपखण्ड प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक 10 फरवरी को सुबह 11 बजे उपखण्ड कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में तिलस्वां महाशिवरात्रि मेले की सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, यातायात, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रशासन द्वारा मेले से जुड़े सभी संबंधित विभागों एवं जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक सूचना एवं तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके।

# सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों से परेशान स्वर्णकार समाज ने सौंपा ज्ञापन

## पुराने गिरवी आभूषणों को लेकर बढ़े विवाद, व्यापारियों ने सुरक्षा व दिशा-निर्देश की मांग की

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।




**नरेश धाकड़।** सोने-चांदी के दामों में लगातार हो रही तेज बढ़ोतरी और भारी उतार-चढ़ाव के चलते क्षेत्र के स्वर्णकार समाज एवं आभूषण व्यापारियों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। इस स्थिति को लेकर मंगलवार को समस्त स्वर्णकार समाज तथा आभूषण विक्रेता-निर्माताओं ने उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर प्रशासनिक सहयोग और सुरक्षा की मांग की। व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि कीमती धातुओं के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण वर्षों पूर्व गिरवी रखे गए आभूषणों को लेकर ग्राहकों में असंतोष उत्पन्न हो रहा है। कई मामलों में लोग दुकानों पर पहुंचकर डराने-धमकाने, मारपीट करने, तोड़फोड़ करने तथा झूठे आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल बन गया है। व्यापारियों ने संविदा अधिनियम 1872 का उल्लेख करते हुए बताया कि गिरवी अथवा रहन की प्रक्रिया नियमानुसार सीमित अवधि के लिए होती है तथा उसका समय-समय पर नवीनीकरण आवश्यक होता है। इसके बावजूद कुछ लोग वर्तमान दरों के आधार पर पुराने लेन-देन में जबरन राशि या आभूषण लौटाने का दबाव बना रहे हैं, जबकि ऐसे मामले सिविल प्रकृति के होते हैं और उनका समाधान सिविल न्यायालय में ही किया जाना चाहिए। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि गिरवी पर आभूषण रखने की परंपरा वर्षों से भारतीय अर्थव्यवस्था का हिस्सा रही है और इसे आपराधिक दृष्टि से देखना उचित नहीं है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि इस विषय में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, पुलिस को उचित परामर्श दिया जाए तथा दुकानों और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

स्वर्णकार समाज ने उपखण्ड अधिकारी से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा होने से व्यापारियों को झूठे मामलों, धमकियों और उत्पीड़न से राहत मिलेगी और वे निर्भय होकर अपना व्यापार कर सकेंगे। ज्ञापन देते समय मुकेश सोनी, दिनेश सोनी, कपिल राज सोनी, नरेश सोनी, सुनील जैन, मुकेश धनोप्या, नवीन धनोप्या सहित कई स्वर्णकार व व्यापारी उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े टैंकर के केबिन में लगी आग, मची अफरा-तफरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मंगलवार को अचानक उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़े एक टैंकर के केबिन में आग भड़क उठी। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोग घबरा गए और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े एक ट्रक टैंकर के केबिन से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जो कुछ ही पलों में आग में तब्दील हो गया। आग तेजी से फैलते हुए पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग व संबंधित एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

# 7 माह बाद ममता जाट ने फिर संभाला प्रशासक पद

## न्यायालय से स्टे मिलने के बाद पदभार ग्रहण, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।




पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पंडेर में सात माह बाद एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पटरी पर लौटती नजर आई, जब निवर्तमान सरपंच एवं प्रशासक ममता मुकेश जाट ने मंगलवार को वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पुनः प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि पंचायती राज विभाग द्वारा ममता जाट को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते निलंबित किया गया था। इसके पश्चात जोधपुर न्यायालय ने समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करते हुए उनके पक्ष में स्थगन आदेश (स्टे) प्रदान किया। न्यायालय के आदेश की पालना में पंचायती राज विभाग जयपुर एवं जिला परिषद भीलवाड़ा के निर्देश पर पंचायत समिति जहाजपुर द्वारा ममता जाट को प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया गया। मंगलवार को पंचायत समिति के कर्मचारियों द्वारा दोपहर 1:15 बजे ममता जाट को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया गया। उनके पदभार संभालते ही ग्राम पंचायत परिसर में ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि ममता जाट के पुनः पदभार ग्रहण करने से गांव में विश्वास और उम्मीद की नई किरण जगी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष, युवा कार्यकर्ता, वार्ड पंच सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पदभार ग्रहण के बाद ममता जाट ने कहा कि उन्होंने सदैव क्षेत्रवासियों की पूरी मेहनत, लगन और सच्चाई के साथ सेवा की है। उसी का परिणाम है कि ग्रामवासियों के सहयोग एवं माननीय न्यायालय के आदेश से उन्हें पुनः जनता की सेवा का अवसर मिला। उन्होंने न्यायालय एवं क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सांवरियाजी दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो हादसे का शिकार , 9 घायल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा बाइपास पर हजारीखेड़ा कट के पास मंगलवार को सांवरियाजी दर्शन को जा रही बोलेरो और ट्रेवल्स बस की भिड़ंत में बड़ा हादसा हो गया। दुर्घटना में बोलेरो में सवार नौ लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया की जयपुर व अजमेर जिले के गुर्जर परिवार के सदस्य बोलेरो से सांवरियाजी जा रहे थे। हजारीखेड़ा कट के पास ट्रक को ओवरटेक कर सिटी की ओर मुड़ रही ट्रेवल्स बस से बोलेरो पीछे से टकरा गई। टक्कर से बस व बोलेरो दोनों क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे में घायल हुए लोगों में छोटा नरैना (रूपनगढ़) निवासी किशन (50), पूजा (16), रमन (10), आरती, किशनगढ़ निवासी मधु (14), जयपुर जिले के नरैना निवासी दयाल (25), रमेश (12), नीमली नरैना निवासी कनिश (6) तथा नीमली निवासी दुर्गा पत्नी दयाल गुर्जर शामिल हैं।

सूचना पर पुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरीः राम बिलास मीणा

## विकास अधिकारी ने गंधेरी स्कूल का किया निरीक्षण, बंद शौचालय निर्माण शुरू कराने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

**( राजेन्द्र बबलू पोखरना)।**



स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। यह बात विकास अधिकारी राम बिलास मीणा ने पंचायत समिति कोटड़ी की गंधेरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा उन्हें विद्यालय और घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव में स्वच्छता की अलख जगाने के उद्देश्य से गली-मोहल्लों में सफाई सुनिश्चित करने, रैली निकालने तथा अभियान चलाकर अभिभावकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान की जानकारी देते हुए पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे प्लास्टिक के बदले शक्कर व गुड़ वितरण कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी ने विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य बंद होने की जानकारी मिलने पर संबंधित ठेकेदार को तत्काल कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। प्रधानाचार्य राकेश वर्मा के सवाईपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक बैठक में उपस्थित होने के कारण कार्यवाहक प्रभारी नंदलाल जाट से विद्यालय स्टाफ की जानकारी ली गई। इस दौरान बताया गया कि विद्यालय में 325 विद्यार्थियों के लिए 12 कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जबकि मात्र 6 कार्मिक कार्यरत हैं, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस पर विकास अधिकारी ने अतिरिक्त पद स्वीकृत कराने हेतु उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय अध्यापक राजकुमार, शिवराज एवं गिरजा शंकर उपस्थित रहे।

# एक शाम बालाजी महाराज के नाम भजन संध्या में बही भजनों की सरिता

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के रीठ गांव में एक शाम श्री बालाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ । इसमें एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई । आयोजक कर्ता शिव दास वैष्णव ने बताया कि सोमवार रात्रि को बालाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या की शुरुआत गणपति वंदना व गुरु वंदना के साथ हुई, जिसमें भजन गायक युवराज वैष्णव ककरोलिया घाटी, किशन वैष्णव कांलसास, फुलशंकर वैष्णव ककरोलिया माफी ने बालाजी, चारभुजानाथ, सांवरिया सेठ, तेजाजी महाराज का एक से बढ़कर भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रोतागण भाव विभोर होकर नाचने झुमने लगे । इस दौरान नृत्यांगना संजू शाहपुरा व रोयल राणी ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया । भौंर तक भजनों की सरिता बही ।।

# लाडो सेवा फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



लाडो सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में पी.एम. श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं एवं क्षेत्रवासियों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आंखों से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान कर परामर्श देना रहा।

लाडो सेवा फाउंडेशन के संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या सुनीता नानकानी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता उम्मेद सिंह राठौड़, पार्षद लव कुमार जोशी एवं इरफान शेख ने दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविर में विशेषज्ञ टीम द्वारा छात्राओं की आंखों की जांच कर दृष्टिदोष, संक्रमण व अन्य नेत्र रोगों की पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। जरूरतमंदों को आगे उपचार हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। आयोजन में विद्यालय प्रशासन व शिक्षकों का सहयोग रहा। बड़ी संख्या में छात्राओं व अभिभावकों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में राज कृपलानी का भी सहयोग रहा।

# अंतिम यात्रा खेतों से निकली, श्मशान मार्ग पर कब्जे से ग्रामीण परेशान



भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली ।

उपखंड के नेत गांव में श्मशान घाट तक जाने वाला सार्वजनिक रास्ता अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया। मंगलवार को स्व. भंवरी देवी मीणा की अंतिम यात्रा के दौरान ग्रामीणों को खेतों के बीच से होकर श्मशान घाट जाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत पहले भी प्रशासन से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्मशान घाट जैसे संवेदनशील स्थान का रास्ता बंद होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाकर मूल रास्ता तुरंत बहाल करने की मांग की है।



QUICK BITES

## विराट हिन्दू सम्मेलन में कलश यात्रा के साथ हुआ धर्मसभा का आयोजन

### संतो ने हिंदुत्व को लेकर दिया उद्बोधन

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**



क्षेत्र के टोकड़ा गांव में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया ।इस दौरान कार्यक्रम की शुरुवात कस्बे के राउमावि स्थित गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के साथ 111 कन्याओं ,महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए एवं डीजे की धुन पर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए कलश यात्रा बालाजी मंदिर प्रांगण स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची । इस दौरान कलश यात्रा का कस्बे में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । यात्रा के दौरान एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम एवं वंदे मातरम जय श्री राम के नारे गुंजायमान रहे। कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की तस्वीर पर तिलक एवं माल्यार्पण के साथ बाबा बालकदास महाराज ने कार्यक्रम की शुरुआत की । मंच पर रामेश्वर महादेव पीठाधीश्वर बाबा बालकदास महाराज ने ग्रामजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व हिन्दू समाज को संगठित होने की आवश्यकता हे । व्यक्ति को प्रतिदिन नियमित मंदिर दर्शन करने का नियम बना लेना चाहिए साथ ही वर्तमान में देश में चल रहे हालातों से रूबरू किया । उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ सामाजिक ज्ञान होना आवश्यक हे ।बच्चो को टेक्निकल शिक्षा ,के साथ ही धार्मिक ,सामाजिक सरोकार एवं धर्म के प्रति जागृत करने के लिए प्रेरित करे । कार्यक्रम में देव लाल माली , शांतिलाल जैन ,दिनेश शर्मा, बनवारी वैष्णव, महेंद्र पांचाल और अशोक प्रजापत, दयाराम माली सहित सेकडो ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में टोकड़ा ,ब्राह्मणों की झोपड़ियां ,चेनपुरिया ,सेलादाता,और काली डूंगरी सहित कई गावो के लोगों ने भाग लिया।

## बजरी संकट को लेकर विधायक कोठारी का सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान विधानसभा के शून्यकाल में विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश में बजरी की बढ़ती कीमतों, अवैध खनन और उससे बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बजरी की कमी और महंगाई से आमजन, निर्माणकर्ता और छोटे ठेकेदार प्रभावित हो रहे हैं।

कोठारी ने बताया कि बजरी नीति-2024 के तहत 255 बजरी लीज की नीलामी हुई, जिनमें भीलवाड़ा की 49 लीज शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य 250-300 रुपये प्रति टन दर पर बजरी उपलब्ध कराना था, लेकिन वर्तमान में कीमतें 1000-1500 रुपये प्रति टन तक पहुंच गई हैं, जिससे कालाबाजारी और अवैध खनन बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि कानूनी खनन पर रोक से अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है, अपराध बढ़ रहे हैं और सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। निरस्त बजरी लीजों को नीति अनुसार पुनः चालू करने, ग्राम पंचायतों को अधिकार सौंपने और 'कांटों' से आमजन को बजरी उपलब्ध कराने की मांग की।

साथ ही चंबल डेम से गाद निकासी में अधिकृत कंपनी के कार्यक्षेत्र की जांच कराने की भी मांग की। कोठारी ने चेताया कि समय पर निर्णय नहीं हुआ तो महंगाई, अपराध और अवैध खनन की समस्या और गंभीर होगी।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# फ़ोकस इंपेक्ट : प्रशासन ने भरा सड़क का खतरनाक गड्ढा

### कई शिकायतों के बावजूद नहीं हुई थी सुनवाई, खबर छपते ही हुई त्वरित कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**







**बड़े हादसे का इंतजार करता प्रशासन, मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा**

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

भीलवाड़ा-ब्यावर मुख्य मार्ग पर नई बस स्टैंड के सामने सड़क पर बना बड़ा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। लंबे समय से मौजूद इस गड्ढे को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई सुध नहीं ली गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के बीच बने इस गड्ढे के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय वाहन चालकों और राहगीरों को गड्ढा दिखाई नहीं देता। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिनमें बसें, भारी वाहन और दोपहिया शामिल हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र गड्ढे को भरवाने और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

जनहित की आवाज़ बनकर सामने आई खबर ने एक बार फिर असर दिखाया है। 'बड़े हादसे का इंतजार करता प्रशासन' शीर्षक से प्रकाशित भीलवाड़ा फ़ोकस की खबर के बाद हरकत में आए प्रशासन ने भीलवाड़ा-ब्यावर मुख्य मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे को तत्काल दुरुस्त करवा दिया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया।

गौरतलब है कि नए बस स्टैंड के सामने मुख्य सड़क के बीचों-बीच बना गहरा गड्ढा लंबे समय से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे का सबब बना हुआ था। तेज रफ्तार वाहनों और भारी यातायात वाले इस मार्ग पर कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने रहे। इस लापरवाही को 'भीलवाड़ा फोकस' ने प्रमुखता से उजागर किया, जिसके बाद प्रशासन को आखिरकार संज्ञान लेना पड़ा।

खबर प्रकाशित होते ही संबंधित विभाग ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे की मरम्मत करवाई और सड़क को सुरक्षित बनाया। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब मार्ग पर यातायात सुचारू हो गया है। क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस लेते हुए जनहित में आवाज़ बुलंद करने के लिए 'भीलवाड़ा फोकस' समाचार पत्र के प्रति आभार जताया है।

# हिन्दू नववर्ष पर गूंजेगा छोटा रुणिजा धाम, भजन संध्या की तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



( रमेश गुर्जर ) उपखण्ड क्षेत्र के जलेरी नयानगर स्थित छोटा रुणिजा धाम में मार्च माह में मनाए जाने वाले हिन्दू नववर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य भजन संध्या को लेकर प्रारंभिक तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

छोटा रुणिजा धाम के गादीपति महंत हीरालाल ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल एकादशी पर बाबा रामदेव एवं चेतन्य कानिफनाथ की स्मृति में मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

बैठक में आगंतुक संतों, भजन गायकों एवं श्रद्धालुओं के भोजन, आवास तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। महंत जोगी ने बताया कि इस वर्ष भजन संध्या में मुख्य भजन गायक गोकुल शर्मा सहित अन्य प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

संस्कार भारती सी. सै. स्कूल के संस्थापक घनश्याम सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में बाबा रामदेव के वंशजों की उपस्थिति भी रहेगी, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ेगी।

मंदिर कमेटी के बहादुर बंजारा ने बताया कि आयोजन के लिए 5 फरवरी को दाता भक्तों के द्वार नामक रथ छोटा रुणिजा धाम से रवाना किया जाएगा। यह रथ हाड़ौती एवं मेवाड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए 19 मार्च को हिन्दू नववर्ष के दिन पुनः छोटा रुणिजा धाम पहुंचेगा।


बैठक के दौरान हिन्दू नववर्ष एवं भजन संध्या के प्रचार-प्रसार हेतु मुद्रित पोस्टर एवं बैनरों का भी विमोचन किया गया।

इस अवसर पर रुणिचा धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा सहित विक्रम बंजारा, अनिल खटीक, राजू धाकड़, मांगीलाल धाकड़, रोहित रैगर, सुनील धाकड़, कमलेश धाकड़ तथा कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, मध्यप्रदेश (गुना), मुंबई एवं ऊपरमाल क्षेत्र से आए कई लोग उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर संत रविदास जयंती का भव्य आयोजन, समाज उत्थान का संकल्प

### मंदिर व सामुदायिक भवन हेतु 13 लाख की घोषणाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद ।**





संत शिरोमणि रविदास महाराज की 649वीं जयंती का भव्य आयोजन ऐरवाल रैदास समाज गुरु रविदास मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी संगम पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता समिति सचिव जीवन ऐरवाल ने की।

जयन्ती समारोह में रैदास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामस्वरूप अहिरवार, अहिरवार/ऐरवाल समाज संघ भारत के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभुलाल ऐरवाल (एडवोकेट), प्रान्तीय ऐरवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जुगल किशोर वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल धोलिया, अनिल पारीक, सरपंच हरजी रायका सहित कई गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे।

मंदिर निर्माण समिति सचिव जीवन ऐरवाल ने बताया कि त्रिवेणी संगम पर प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण की समाज की मांग पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने 5 लाख रुपये की घोषणा की। वहीं अनिल पारीक द्वारा 11 हजार रुपये, डॉ. रामस्वरूप अहिरवार द्वारा 1 लाख 51 हजार रुपये, जुगल किशोर वर्मा द्वारा 51 हजार रुपये, गिरिराज धोनिया द्वारा 21 हजार रुपये एवं 5 हजार ईंटें, मोहनलाल धोलिया द्वारा 21 हजार रुपये तथा प्रभुलाल ऐरवाल एडवोकेट द्वारा 21 हजार रुपये की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त समाजबंधुओं व अतिथियों द्वारा मंदिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु कुल 13 लाख रुपये की सहयोग राशि की घोषणा की गई।

मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष धनराज एवं सम्पूर्ण कमेटी ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। साथ ही कोटा में निर्माणाधीन समाज के छात्रावास हेतु मंदिर निर्माण समिति द्वारा 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया गया, जबकि दीनदयाल ऐरवाल डाबी द्वारा 1 लाख 25 हजार रुपये की घोषणा की गई।

जयन्ती एवं भव्य भजन समारोह में पधारे अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष धनराज मंगरोप, सचिव जीवन कालूखेड़ा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल खाचरोल सहित समाज के भामाशाहों एवं समिति सदस्यों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सुधार एवं मंदिर निर्माण को लेकर विचार-विमर्श भी हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक खंडेलवाल ने संत रविदास के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने संत परंपरा का निर्वाह करते हुए समाज में समरसता, समानता और एकता का संदेश दिया। वहीं प्रान्तीय रैदास अहिरवार ऐरवाल महासभा भीलवाड़ा के अध्यक्ष डॉ. रामस्वरूप अहिरवार ने सामुदायिक भवन की घोषणा के साथ भजन संध्या में उपस्थित धर्मप्रेमियों को संविधान की प्रतियां भेंट कीं।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष धनराज ऐरवाल ने बताया कि संत रविदास के भजनों पर कृष्णा रणधवल डांसर सपना भीलवाड़ा एवं हास्य कलाकार सांवर सेन ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कैलाश चंद्र तेली, श्यामलाल अहीर, जुगल, बलराम अहिरवार, राजूलाल सुथार, शिवलाल मांडल, हेमराज रलायता, इंजीनियर नंदलाल नंदराय, महाराज रोडूलाल, श्रवणलाल बीगोद, कन्हैयालाल बाड़ी, जगदीश मांडल, कवरलाल, दीपक, भेरूलाल, रमेश, प्रभुलाल, प्रेमशंकर, राजेन्द्र, मोनू, रामनारायण, चंपालाल, दीपक वर्मा सहित अनेक समाज पदाधिकारी एवं कई नागरिक उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में ट्रैफिक अव्यवस्था, सुधार की मांग शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर मानव अधिकार परिषद ने चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि बढ़ते यातायात दबाव और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स के नियमित संचालन नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी हो रही है। परिषद ने सभी मुख्य चौराहों पर सिग्नल लाइट्स को सुचारू करने तथा व्यस्त चौराहों पर यातायात पुलिस के लिए स्थायी गुमटियों की व्यवस्था करने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि अव्यवस्थित यातायात के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों एवं कामकाजी लोगों को असुविधा झेलनी पड़ रही है। परिषद ने सुचारू यातायात व्यवस्था को दुर्घटनाओं में कमी और समय की बचत के लिए आवश्यक बताते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जिले में गांव-गांव पहुंचेगा जागरूकता रथ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के समर्थन में जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस के सहयोगी नवाचार संस्थान द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ का शुभारंभ किया गया।

बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह अधिनियम की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह रथ जिले के गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार करेगा। रथ के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

शुभारंभ अवसर पर गौरव सारस्वत, अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह, चंद्रकला ओझा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विनोद राव, सदस्य बाल कल्याण समिति, अनुराधा तोलंबिया, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, अरुण कुमावत, सचिव नवाचार संस्थान, जितेंद्र सिंह तोमर, जिला परियोजना समन्वयक नवाचार संस्थान, भागवत सिंह चारण, रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर, हेमंत सिंह सिसोदिया, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा निर्मला पुरोहित, काउंसलर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया और आमजन से अभियान में सहयोग की अपील की।

# विधानसभा में गूंजा 'ज़हरीले पानी' का मुद्दा, आगूचा माइंस पर सीधा वार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**




**मूलचंद पेसवानी ।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा के विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में क्षेत्र में फैल रहे दूषित पानी और पर्यावरण प्रदूषण का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की रामपुरा आगूचा माइंस पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि गहरे भूमिगत खनन और रासायनिक तत्वों के उपयोग से शाहपुरा क्षेत्र का भूजल जहरीला हो चुका है।

विधायक बैरवा ने कहा कि कई गांवों में पानी पीने योग्य नहीं बचा है। डंपिंग यार्ड से निकलने वाला केमिकलयुक्त पानी किसानों के खेतों में छोड़े जाने से फसलें नष्ट हो रही हैं और मिट्टी की उर्वरता भी लगातार घट रही है। इससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित क्षेत्र के पानी की वैज्ञानिक जांच करवाई जाए, प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा माइंस प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जिन किसानों की जमीन और फसलें खराब हुई हैं, उन्हें शीघ्र मुआवजा एवं अनुतोष राशि उपलब्ध कराई जाए।

विधायक ने यह भी याद दिलाया कि दो वर्ष पूर्व इसी समस्या को लेकर बड़ा आंदोलन हुआ था, लेकिन उस समय हुए समझौते आज तक धरातल पर लागू नहीं हो पाए। विधानसभा में इस मुद्दे के उठते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई। क्षेत्र के नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जन आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# परीक्षा तैयारी व विभागीय निर्देशों को लेकर प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने विभागीय सूचनाओं के संप्रेषण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर व असुरक्षित भवनों में विद्यालय संचालन नहीं करने तथा 12 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने पर जोर दिया। बैठक में जर्जर व जमींदोज भवन, अतिक्रमण, बोर्ड एवं समान परीक्षा, अधिगम स्तर मूल्यांकन परीक्षा, समय विभाग चक्रानुसार परीक्षा आयोजन, मिड-डे मील योजना, पालनहार योजना, संपर्क पोर्टल एवं नकारा सामग्री निस्तारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विद्यालयवार चर्चा कर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर आरपी अनिल कुमार बांगड़ ने यू-डाइस एवं ब्लॉक रैंकिंग के अंतर्गत सभी सूचनाएं ऑनलाइन करने की जानकारी दी। आरपी सत्यनारायण पटवारी ने एसएनए अकाउंट में जारी राशि का शत-प्रतिशत उपयोग शीघ्र करने के निर्देश दिए। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शांति लाल पोखरना ने साक्षरता सर्वे एवं विभागीय राशि के उपयोग पर जानकारी देते हुए लक्ष्य अनुसार सर्वे पूर्ण करने को कहा।

बैठक में प्रधानाचार्य प्रतिष्ठा ठाकुर ने सभी अधिकारियों व प्रधानाचार्यों का स्वागत किया तथा विद्यालय में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के सभी प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

# यूनेस्को का 'प्लास्टिक छोड़ो' अभियान, सवाईपुर स्कूल में कपड़े के बैग वितरित



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन के तत्वावधान में एवं जवाहर फाउंडेशन, भीलवाड़ा के सहयोग से 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' अभियान के तहत सवाईपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए गए तथा कपड़े के बैग वितरित किए गए। प्राथमिक कक्षाओं के लिए दरियां भी भेंट की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटड़ी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक रहे, जबकि अध्यक्षता स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने की। माली ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण व स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है और कपड़े के बैग अपनाकर बड़ा बदलाव संभव है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने छात्रों से परिवार व समाज को प्लास्टिक छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में बड़े पैमाने पर कपड़े के बैग वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर यूनेस्को एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, राजेश जीनगर, वरिष्ठ व्याख्याता शारदा सुखपाल, दीपिका वैष्णव, सुनीता साहू सहित समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्य प्रकाश भारद्वाज ने किया।

# आनंदो प्रकल्प के तहत पालक मेला आयोजित, ग्रामीण अंचल से जुटे अभिभावक



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**(मानव तिवाड़ी)।** लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट द्वारा आनंदो प्रकल्प के अंतर्गत जागेश्वर मंदिर सामुदायिक भवन में पालक मेला आयोजित किया गया, जिसमें बूंदी व भीलवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों अभिभावकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में गरड़दा, बिजोलिया, भोपतपुरा, मकरेड़ी, सलवाटिया एवं कांस्या सेंटर से जुड़े 424 जरूरतमंद बच्चों के माता-पिता शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक विकास अधिकारी अशेष शर्मा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, सेवानिवृत्त व्याख्याता देवी लाल, सेवानिवृत्त अध्यापक गोपाल सोनी एवं समाजसेवी मधुसूदन धाकड़ रहे। अध्यक्षता आनंदो अधिकारी राजमल भील ने की।

पालक मेले में अभिभावकों के लिए खेल, मनोरंजन व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। गुब्बारा दौड़, बोरा दौड़, जलेबी जम्प व कुर्सी दौड़ में भोपतपुरा सेंटर प्रथम रहा। समूह नृत्य में बिजोलिया सेंटर और लोक गायन में सलवाटिया सेंटर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सर्वाधिक सहभागिता मकरेड़ी सेंटर की रही। विजेताओं को उपयोगी घरेलू उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आनंदो एपीसी शकुंतला धाकड़, रवि पाल, केंद्र कार्यकारी रेनू कंवर, बेबी वर्मा, सोनल खींची, राकेश मीणा, पवन बैरागी, प्रमोद धाकड़ सहित सभी एसएफएसईपी शिक्षक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### राजीविका की बैंकर्स आमुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के तहत मंगलवार को जिला स्तर पर एक दिवसीय बैंकर्स आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि लीड बैंक मैनेजर अशोक भारद्वाज एवं विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना प्रबंधक नागेंद्र तोलंबिया रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। अमित जोशी ने राजीविका की योजनाओं की जानकारी देते हुए बैंकर्स से समन्वय बढ़ाने का आह्वान किया। जिला प्रबंधक वित्तीय राजेंद्र बाबर ने पीपीटी के माध्यम से बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी साझा की। अशोक भारद्वाज ने बैंकिंग योजनाओं व वित्तीय प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला में सर्वश्रेष्ठ बैंक मित्रा व ब्लॉक इंचार्ज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, ब्लॉक मैनेजर, बैंक मित्रा व राजीविका स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद मेघवंशी ने किया तथा अंत में नागेंद्र तोलंबिया ने आभार व्यक्त किया।

### आसींद के शिल्पकार राजू शर्मा की अनूठी साधनाः 'ओम' को गुरु मानकर बनाई खाटू श्याम की मनमोहक प्रतिमा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



कहते हैं कि अगर अटूट श्रद्धा और निरंतर अभ्यास हो, तो पत्थर में भी जान फूंकी जा सकती है। ऐसा ही चमत्कार कर दिखाया है आसींद के उभरते मूर्तिकार राजू भाई शर्मा ने। हाल ही में उनके द्वारा निर्मित भगवान खाटू श्याम जी की एक भव्य और आकर्षक मूर्ति क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बचपन का शौक बना जीवन का लक्ष्य अपनी कलात्मक यात्रा के बारे में बताते हुए राजू शर्मा ने कहा कि उन्हें बचपन से ही आर्ट का शौक था। करीब 10-12 साल की उम्र से ही उन्होंने स्कूल के समय से पेंटिंग और छोटी-छोटी कलाकृतियाँ बनाना शुरू कर दिया था। धीरे-धीरे यह शौक मूर्तिकला में बदल गया। ओम् उच्चारण और गुरु की प्रेरणा राजू शर्मा ने अपने हुनर के पीछे की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने किसी संस्थान से विधिवत शिक्षा नहीं ली, बल्किः पहली प्रेरणाः उन्हें अपने भाई जगदीश जी से मिली। आध्यात्मिक गुरुः उन्होंने 'ओम' शब्द को ही अपना गुरु माना और इसी के उच्चारण व साधना से अपनी कला के शिखर को प्राप्त किया ।समाजसेवी निर्मल मेहता ने इस सुंदर प्रतिमा का अवलोकन किया और राजू शर्मा की कला की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आसींद जैसे छोटे क्षेत्र में ऐसी छुपी हुई प्रतिभाओं का होना गर्व की बात है। उन्होंने मूर्तिकार और उनकी पूरी टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। भक्ति और कला का संगम तैयार की गई प्रतिमा में बाबा श्याम का श्रृंगार और रोशनी का संयोजन इतना अद्भुत है कि भक्तों को इसमें साक्षात ईश्वर की झलक दिखाई दे रही है। प्रतिमा के सामने 'जय श्री खाटू श्याम जी की' के जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### सीए पंकज ने डीआईएसए परीक्षा में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




आईसीएआई द्वारा आयोजित सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (DISA/ISA) जुलाई 2025 में भीलवाड़ा के सीए पंकज कुमार जोशी ने ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस उपलब्धि पर ग्रेटर नोएडा में आयोजित आईसीएआई के 76वें वार्षिक समारोह में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीए पुनीत कुमार मेहता ने इसे भीलवाड़ा के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क्षण बताते हुए कहा कि यह सफलता परिश्रम, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवा सीए विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा के सदस्यों ने सीए जोशी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।